# सबसे अच्छा पेड़

## जरा सोचो तो

- **तीनों भाई किस मौसम में घर की तलाश में निकले?**

उत्तर तीनों भाई गर्मी के मौसम में घर की तलाश में निकले।

- **तुम्हें कैसे पता चला?**

उत्तर गर्मी के मौसम में ही आम खाने को मिलते हैं।

- **कौन-सा महीना होगा?**

उत्तर जून या जुलाई का महीना होगा।

- **घर की तलाश पर निकलने से पहले वे कहाँ रहते होंगे?**

उत्तर वे अपने पुस्तैनी घर में रहते होंगे।

## कैसे चुनोगी

- **इन मौकों पर तुम किस पेड़ के पत्ते का इस्तेमाल करोगी–**

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | ➢ मेहमान को खाना खिलाने के लिए | केले के पत्ते का |
| | ➢ बारिश में भीगते समय छाते की तरह | केलो के पत्ते का |
| | ➢ सीटी बजाने के लिए | आम के पत्ते का |
| | ➢ रंग बनाने के लिए | टेसू का |
| | ➢ गर्मी से परेशान होकर पंखा करने के लिए | नारियल के पत्ते का |

## क्या लगाओगी

**तुम्हें अगर पेड़ लगाना हो तो तुम कौन-सा पेड़ लगाओगी? तुम वही पेड़ क्यों लगाना चाहोगी?**

उत्तर मैं अपने बगीचे में **नारियल** का पेड़ लगाऊँगी क्योंकि यह कई तरह से हमारे लिए लाभप्रद है। नारियल का पानी और गरी दोनों ही मुझे बेहद पसंद हैं।

## पहचानो और मिलाओ

**यहाँ कुछ पत्तियों के बारे में कुछ वाक्य दिए गए हैं। वाक्यों को सही चित्र से मिलाओ। पत्ती पहचान पा रही हो तो उसका नाम भी लिख दो।**



- लंबी पतली पत्ती जो आगे से नुकीली है।

उत्तर आम



- नीचे से गोल आगे जाकर नुकीली हो जाती है।

उत्तर पीपल



- जिसके किनारे लहरदार हैं।

उत्तर केला



- गोल पत्ती

उत्तर कमल

## आओ बनें खोजू

**रबड़ के पेड़ की छाल पर चीरा लगाने से दूधिया रस निकलता है। पता करो किन पेड़ों या पौधों के पत्ते को तोड़ने पर दूधिया रस निकलता है। अब पत्तों को सुखाकर चिपकाओ।**

➢ जिनसे दूधिया रस निकलता हो।

➢ जो चिकनी होती हों।

➢ जिन पत्तियों की नसें उभरी हुई होती हैं।

**उत्तर** स्वयं करो।

## कैसे पड़े नाम?

हम दाँतों को मंजन से माँजते हैं। इसीलिए मंजन को मंजन कहते हैं।

अब सोचो और लिखो इनके नाम ये क्यों हैं?

**दातुन** – हमारे दाँत साफ करने के काम आती है।

**छलनी** – यह चाय छानने के काम आती है।

**मथनी** – यह दूध-दही मथने के काम आती है।

## पहचानो तो

इनमें से कौन-सी चीज़ किससे बनी है?

**उत्तर**



रबड़ से



नारियल से



जूट/कपास के धागे से



प्लास्टिक से



बाँस से



बाँस से

## तुलना करो

सही जगह पर (✓) का निशान लगाओ।

**उत्तर**

| | नारियल | आम | केला |
|---|---|---|---|
| सबसे घना | | ✓ | |
| सबसे ऊँचा | ✓ | | |
| चढ़ने में सबसे आसान | ✓ | | |
| सबसे मोटा तना | | ✓ | |
| सबसे बड़े पत्ते | | | ✓ |
| सबसे मीठा फल | | ✓ | |
| फल खाना सबसे आसान | | | ✓ |

## कुछ और फलों के नाम लिखो

**उत्तर**

| गुठली वाले | बिना गुठली वाले |
|---|---|
| आम | केला |
| जामुन | सेब |
| बेर | संतरा |
| लीची | पपीता |

## बताओ

- किन फलों को छिलके के साथ नहीं खा सकते?

**उत्तर** केला, अन्नानास, पपीता, अनार, संतरा आदि।

- कौन-से फल हर मौसम में मिलते हैं?

**उत्तर** केला, पपीता, सेब।